an>

Title: The Speaker made reference to the passing away of Shri Baidyanath Prasad Mahto, member of the 15th Lok Sabha and sitting member of the 17th Lok Sabha.

माननीय अध्यक्ष: माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को हमारे साथी श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो के दु:खद निधन के बारे में सूचित करना है ।

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो, बिहार के वाल्मिकिनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से वर्तमान में सदस्य थे । वह पन्द्रहवीं लोक सभा के सदस्य भी थे ।

इससे पूर्व, श्री महतो तीन कार्यकाल के लिए बिहार विधान परिषद के सदस्य थे और उन्होंने बिहार सरकार में ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में कार्य किया ।

एक सक्षम संसदविद के रूप में श्री महतो कई संसदीय समितियों के सदस्य भी थे ।

श्री महतो लेखक भी थे और उनकी हिंदी में 'कहीं धूप कहीं छाया' नामक एक पुस्तक भी प्रकाशित हुई है ।

श्री बैद्यनाथ प्रसाद महतो का निधन 72 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में 28 फरवरी, 2020 को हुआ ।

हम अपने सहयोगी के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा मेरे साथ शोक संतप्त परिवार के प्रति संवदना व्यक्त करती है ।

अब यह सभा दिवंगत आत्मा के सम्मान में थोड़ी देर मौन खड़ी रहे ।

11.01 hrs

(The. Members then stood in silence for a short while.)

…(<u>व्यवधान</u>)

माननीय अध्यक्ष : सभा दो बजे तक के लिए स्थगित होती है ।

<u>11.02 hrs</u>

(The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock)

-